भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3447

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के साथ एकीकृत करना

3447. श्री चन्द्र प्रकाश जोशी

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश भर में आयुष पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली (एलोपैथी) के साथ एकीकृत करने और जिला और ब्लॉक स्तर के अस्पतालों में आयुष विंग स्थापित करने की दिशा में अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) राजस्थान राज्य के संबंध में तत्संबंधी जिला-वार सांख्यिकीय ब्यौरा क्या है;

(ग) आयुष प्रणालियों को अंतर्राष्ट्रीय मान्यता दिलाने के प्रयासों के रूप में वर्ष 2025-26 के दौरान औषधीय पौधों औरस्वास्थ्य पर्यटन के प्रमुख केन्द्र राजस्थान से आयुष उत्पादों और सेवाओं के निर्यात का ब्यौरा क्या है; और

(घ) चित्तौड़गढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए स्थानीय रूप से स्थापित आयुष आधारित प्रसंस्करण इकाई और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) के साथ-साथ राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत राजसहायता लाभ प्राप्त करने वाले किसानों की कुल संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) एवं (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है, इसलिए देश भर में आयुष पद्धतियों को आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल पद्धति (एलोपैथी) के साथ एकीकृत करना तथा जिला एवं ब्लॉक स्तर के अस्पतालों में 'आयुष शाखा' की स्थापना करना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के क्षेत्राधिकार में आता है। तथापि, भारत सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं के सह-स्थापन की कार्यनीति अपनाई है, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर चिकित्सा की विभिन्न पद्धतियों के चयन का अवसर मिलता है। आयुष डॉक्टरों/पैरामेडिक्स का नियोजन और उनका प्रशिक्षण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा समर्थित है, जबकि आयुष मंत्रालय द्वारा साझा जिम्मेदारियों के रूप में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत आयुष बुनियादी ढांचे, उपकरणों/फर्नीचर और औषधियों के लिए सहायता प्रदान की जाती है। देश भर के उन अस्पतालों जहाँ

आयुष सेवाएँ सह-स्थित हैं की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण, **संलग्नक** पर दिया गया है।

(ग): जी नहीं। राजस्थान से आयुष उत्पादों और सेवाओं के निर्यात का विवरण संबंधित राज्य सरकार द्वारा रखा जाता है तथा मंत्रालय के पास ऐसा कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

(घ): एनएएम योजना के तहत, औषधीय पौधों की खेती का कोई प्रावधान नहीं है। तथापि, राजस्थान राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, राजस्थान में 2019 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम(आयुष)] को क्रियाशील बनाकर विभिन्न उपचारों के माध्यम से समुदाय को समग्र स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने हेतु सहायता दी गई है। इसके अलावा, एएम(आयुष) के अंतर्गत सुविधा केंद्रों में औषधीय उद्यान स्थापित करने का प्रावधान है, ताकि समुदाय को आम बीमारियों में इसके महत्व और उपयोग के बारे में जागरूक किया जा सके।

*****

संलग्नक

एमआईएस-एनएचएम 31.12.2025 के अनुसार देश भर में जिन अस्पतालों में आयुष सेवाएं सह-स्थापित हैं, उनकी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या का विवरण:

क्र.सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	डीएच	सीएचसी	ब्लॉक स्तर पर या उससे ऊपर, लेकिन जिला स्तर से नीचे सीएचसी के अलावा	पीएचसी	एससी से ऊपर, लेकिन ब्लॉक स्तर से नीचे की अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं:	कुल
1	बिहार	36	0	0	0	1348	1384
2	छत्तीसगढ	18	98	0	454	0	570
3	हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0
4	जम्मू-कश्मीर	13	14	0	373	571	971
5	झारखंड	21	188	0	97	225	531
6	मध्य प्रदेश	36	95	0	275	0	406
7	ओडिशा	0	351	0	886	0	1237
8	राजस्थान	2	56	4	127	1	190
9	उत्तर प्रदेश	91	691	0	687	31	1500
10	उत्तराखंड	13	53	7	44	0	117
11	अरुणाचल प्रदेश	16	34	0	50	5	105
12	असम	18	7	4	71	500	600
13	मणिपुर	7	17	1	85	0	110
14	मेघालय	11	25	0	54	0	90
15	मिजोरम	12	9	1	10	38	70
16	नगालैंड	9	20	0	9	0	38
17	सिक्किम	4	1	0	4	0	9
18	त्रिपुरा	3	21	11	84	0	119
19	आंध्र प्रदेश	9	105	0	273	0	387
20	गोवा	2	6	2	22	1	33
21	गुजरात	0	0	0	868	0	868
22	हरियाणा	22	102	0	106	5	235
23	कर्नाटक	20	190	139	163	0	512
24	केरल	0	0	0	0	0	0
25	महाराष्ट्र	23	238	0	20	0	281
26	पंजाब	22	66	18	87	8	201
27	तमिलनाडु	37	388	0	475	0	900

28	तेलंगाना	3	100	0	449	0	552
29	पश्चिम बंगाल	13	295	54	387	95	844
30	अंडमान एवं निकोबार द्वीप	3	4	0	20	0	27
31	चंडीगढ़	1	2	2	33	0	38
32	दादरा एवं नागर हवेली व दमन और दीव	2	1	1	14	1	19
33	दिल्ली	0	0	0	0	208	208
34	लद्दाख	2	7	0	32	0	41
35	लक्षद्वीप	2	3	0	4	0	9
36	पुदुचेरी	4	4	0	39	0	47
कुल		**475**	**3191**	**244**	**6302**	**3037**	**13249**